Ans. (d) : सही सुमेलन है–

नदी	**सहायक नदी**
चंबल	– बनास
बनास	– बेड़च
लूनी	– सूकड़ी
काली सिंध	– आहू, निवाज, पिपलाज, परवन

जबकि कोठारी, बनास नदी की सहायक नदी है।

769. जल उपलब्धता के आधार पर राजस्थान के उच्चतम दो नदियों के बेसिन हैं–

(a) चम्बल और माही (b) माही और बनास
(c) चम्बल और बनास (d) बनास और लूनी

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (a) : जल उपलब्धता के आधार पर राजस्थान के उच्चतम दो नदियों के बेसिन चम्बल और माही हैं।

770. निम्नलिखित कथनों पर विचार तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट से कीजिए–

(1) लूनी बेसिन गोड़वार प्रदेश के नाम से भी जाना जाता है।

(2) 'गिरवा' उदयपुर बेसिन की विशिष्ट आकृति है, जो मेवाड़ प्रदेश में है।

(3) घग्गर का मैदान चूरू जिले में स्थित है।

(a) 1,2 और 3 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) 1 और 3

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (b) : घग्घर नदी का मैदान राजस्थान के श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ़ जिलो में स्थित है। उदयपुर बेसिन की उसकी विशिष्ट 'तश्तरीनुमा' आकृति के कारण स्थानीय भाषा में उसे 'गिरवा' कहा जाता है जबकि लूनी एवं उसकी सहायक नदियों बांडी व सागी के अपवाह क्षेत्र को लूनी बेसिन कहा जाता है जिसको एक उपनाम गोड़वार प्रदेश से भी जाना जाता है।

771. नदियों की लंबाई के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा तथ्य गलत है?

(a) लूनी (495 कि.मी.) (b) चंबल (1050 कि.मी.)
(c) बनास (512 कि.मी.) (d) माही (467 कि.मी.)

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (*) :

नदी	लंबाई
लूनी	511 किमी
चंबल	960 किमी
बनास	512 किमी
माही	583 किमी

772. निम्नलिखित में से कौनसा (नदी–उत्पत्ति स्थान) सुमेलित नहीं है?

(a) सोम – बाबलवाड़ा पहाड़ियाँ
(b) जाख़म – छोटी सादड़ी
(c) बनास – खमनौर पहाड़ियां
(d) सागी – जसवंतपुरा पहाड़ियां

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (a) : विकल्प (a) सही सुमेलित नहीं है। सोम नदी का उद्गम उदयपुर जिले के ऋषभदेव के पास बाबलवाड़ा के जंगलों में स्थित बिछामेड़ा की पहाड़ियों से होता है। उदयपुर और डूंगरपुर में बहती हुई डूंगरपुर के बेणेश्वर में माही नदी में मिल जाती है। जाखम, गोमती, सारनी तथा टिंडी इसकी प्रमुख सहायक नदियां हैं।

773. अपवाह बेसिनों का उत्तर से दक्षिण सही क्रम है

(a) साबी - बाणगंगा - बेड़च - सोम
(b) बाणगंगा - साबी - बेड़च - सोम
(c) साबी - बेड़च - सोम - पश्चिमी बनास
(d) बनास - पश्चिमी बनास - सोम - बेड़च

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (a) : साबी - बाणगंगा - बनास - बेड़च - सोम - अपवाह बेसिनों का उत्तर से दक्षिण सही क्रम है।

- साबी नदी जयपुर जिले की सेवर पहाड़ियों से निकलती है।
- बाणगंगा का उद्गम जयपुर जिले की बैराठ पहाड़ियों से होता है।
- बेड़च नदी का उद्गम उदयपुर के उत्तर में गोगूंदा पहाड़ियों से होता है।
- सोम नदी का उद्गम उदयपुर की बीछामेड़ा पहाड़ियों से होता है।

774. सूची-I और सूची-II को सुमेलित करके नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

सूची-I	**सूची-II**
उद्गम स्थल	**नदी**
(A) खमनौर की पहाड़ियाँ	**(i) कांतली**
(B) बैराठ की पहाड़ियाँ	**(ii) साबी**
(C) खण्डेला की पहाड़ियाँ	**(iii) बनास**
(D) सेवर की पहाड़ियाँ	**(iv) बाणगंगा**

कूटः-

	A	B	C	D
(a)	i	iii	ii	iv
(b)	iii	iv	i	ii
(c)	iv	iii	i	ii
(d)	ii	i	iii	iv

RPSC ARO/AARO-2022 G.K. & Horticulture

Ans. (b) : सही सुमेलित है।

उद्गम		**नदी**
खमनौर की पहाड़ी	–	बनास
बैराठ की पहाड़ी	–	बाणगंगा
खण्डेला की पहाड़ी	–	कांतली
सेवर की पहाड़ी	–	साबी

775. निम्नलिखित में से कौन सा राजस्थान के दक्षिणतम भाग में अवस्थित है?

(a) लूनी बेसिन (b) माही बेसिन
(c) बनास बेसिन (d) दक्षिणी अरावली

RPSC-2018

Ans. (b) : माही बेसिन राजस्थान के दक्षिणतम भाग में अवस्थित है। माही एवं उसकी सहायक नदियों द्वारा सिंचित यह प्रदेश उदयपुर, प्रतापगढ़ एवं बांसवाड़ा जिलों में विस्तृत है। इस मैदान को छप्पन का मैदान भी कहा जाता है।